## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया नव निर्मित डाकघर पासपोर्ट कार्यालय का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को प्रधान डाकघर परिसर में नवनिर्मित डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने 14 नवंबर को पासपोर्ट केन्द्र के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। पासपोर्ट सेवा केन्द्र के साथ लगे हुए परिसर में तैयार की जा रही पोस्टर वाटिका में पौधारोपण सहित अन्य तैयारियों के विषय में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, पासपोर्ट कार्यालय भोपाल से आए प्रतिनिधि, डाकघर अधीक्षक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का लोकार्पण 14 नवंबर को

**मण्डला।** पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके तथा सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते होंगे। विदेश मंत्रालय एवं भारतीय डाक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र प्रधान डाकघर सिविल लाइन रोड मंडला का लोकार्पण कार्यक्रम 14 नवंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जायेगा।

### 13 नवंबर को बीजाडांडी के जनपद सभागार में स्वरोजगार स्थापित करने जागरूकता शिविर का आयोजन

**मण्डला।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मंडला के द्वारा 13 नवंबर को बीजाडांडी विकासखंड के जनपद सभागार कक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री नंदकिशोर वास्कले ने बताया कि शिविर में युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

## भाजपा ने बढ़ाया नारी शक्ति का सम्मान-अश्विनी परांजपे

# मण्डला में संपन्न हुआ मातृशक्ति सम्मेलन

*** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में आज भव्य महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलेभर की मातृ शक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमति अश्विनी परांजपे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत के तहत उपस्थित महिलाओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। महिलाओं ने बताया कि कैसे उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन को बदलने वाली, हमें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने वाली यदि कोई सरकार है, तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

मुख्य अतिथि श्रीमति अश्विनी परांजपे ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस प्रकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं और अभियान चला रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि "आज मध्यप्रदेश की लाडली बहनों के खातों में राशि हस्तांतरित होने से उनके चेहरों पर जो आत्मविश्वास और खुशी झलकती है, वह आत्मनिर्भर भारत की सच्ची तस्वीर है।"



विशिष्ट अतिथि प्रो. श्रीमती रश्मि बाजपेई ने कहा कि "मां एक अनुपम शक्ति है, महिला यदि ठान ले तो असंभव को भी संभव कर सकती है।" उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि "आज हमें गर्व है कि हमारे देश की महिलाएं गांव-गांव समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होकर वे अपने परिवार और समाज दोनों को सशक्त बना रही हैं।" उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक स्वावलंबन नहीं, बल्कि स्वदेशी भाव को अपनाना भी है हमें देशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा ने सभी उपस्थित महिलाओं को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प दिलाया। वही भाजपा प्रदेश महामंत्री शशी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का मूल भाव स्वदेशी को अपनाना और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं बल्कि सामाजिक नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की मातृशक्ति को सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में नई ऊंचाइयां मिली हैं। हर महिला को अब यह विश्वास है कि वह स्वयं अपने परिवार और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जहां मंच का संचालन श्रीमती अनीता तिवारी एवं श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने किया।

वही अंत में श्रीमती उमा यादव ने उपस्थित मुख्य अतिथि एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# मण्डला के CCTV कैमरे चालू लेकिन सर्वर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला शहर की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों बड़ी चुनौती से गुजर रही है। शहर और महाराजपुर क्षेत्र में लगाए गए CCTV कैमरे तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो महीने से रिकॉर्डिंग नहीं कर पा रहे हैं। अब स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है जिससे पुलिस को अपराध नियंत्रण और निगरानी में भारी परेशानी हो रही है।

2018 में मध्यप्रदेश पुलिस के Safe City Project के तहत मंडला में 33 स्थानों पर 192 CCTV कैमरे लगाए गए थे। इनमें से 45 कैमरे ANPR (Automatic Number Plate Recognition) वाले हैं, जो वाहनों के नंबर प्लेट की पहचान में मदद करते हैं। लेकिन सितंबर माह से सर्वर की तकनीकी समस्या बनी हुई है, जिसके चलते रिकॉर्डिंग ठप हो गई थी।

CCTV कैमरों के मेंटेनेंस का ठेका Technosis कंपनी को दिया गया था, जो अगस्त में समाप्त हो चुका है। इसके बाद नया टेंडर अभी तक जारी नहीं हुआ, जिससे सिस्टम की मरम्मत का कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। फिलहाल, कैमरों का अस्थायी रखरखाव पुलिस रेडियो शाखा के माध्यम से किया जा रहा है, लेकिन सर्वर फेल होने के कारण निगरानी पूरी तरह बाधित है।

CCTV के बंद होने से पुलिस को अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक मॉनिटरिंग और सुरक्षा जांच में दिक्कतें आ रही हैं। कई संवेदनशील स्थानों पर बिना निगरानी हालात बने हुए हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका है।

विशेषज्ञों का मानना है कि CCTV सर्वर और नेटवर्क सिस्टम की तत्काल मरम्मत जरूरी है। साथ ही नए टेंडर की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि मंडला की सुरक्षा फिर से सुचारु रूप से बहाल की जा सके।



# बिना अनुमति के सैल्समेन ने राशन दुकान में रूकवाया बहारी व्यक्तियों को






*** ग्रामीणों ने किया विरोध, कलेक्टर से करेंगे शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम पंचायत मुगदरा में संचालित सरकारी राशन दुकान से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की राशन दुकान में दो हरियाणा के व्यक्तियों ने स्थायी रूप से कब्जा कर लिया है और वहीं रहकर भोजन पकाने तक का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार ये दोनों व्यक्ति ग्राम निवासी अशोक ठाकुर के कहने पर यहां आए हुए हैं। बताया जा रहा है कि वे आसपास के खेतों में हार्वेस्टर मशीन से फसल कटाई का काम कर रहे हैं। इस दौरान राशन दुकान के सैल्समेन द्वारा उन्हें न केवल रहने की अनुमति दी गई बल्कि दुकान की चाबी भी सौंप दी गई है। राशन दुकान में वर्तमान में लाखों रुपए मूल्य का गेहूं, चावल, शक्कर और नमक सहित अन्य खाद्यान्न सामग्री रखी हुई है। ऐसे में दुकान की चाबी बाहरी व्यक्तियों को दे देना नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि सैल्समेन ने न तो इस संबंध में फूड विभाग से कोई अनुमति ली है और न ही स्थानीय थाना बम्हनी बंजर में कोई सूचना दी गई है। इससे लोगों में गहरी नाराजगी है। सूत्रों के अनुसार संबंधित हरियाणा के व्यक्तियों द्वारा की जा रही फसल कटाई पर सैल्समेन का कमीशन तय है। इसी कारण उसने उन्हें सरकारी राशन दुकान में ठहरने की व्यवस्था कर दी यह मामला न केवल सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का है बल्कि इससे अनाज की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। अब सवाल उठता है शासकीय भवन के अंदर यह बाहरी लोग आखिर किसकी अनुमति से डेरा डाले बैठे हैं। इतना ही नहीं आरोप तो ये भी हैं कि राशन दुकान में मिलने वाला शासकीय चावल भी इन लोगों द्वारा पर्सनल उपयोग में लिया जा रहा है यानी सरकारी अनाज की खुलेआम चोरी और दुरुपयोग किया जा रहा है। सेल्समैन पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं क्या फूड विभाग की अनुमति के बिना उसने बाहरी लोगों को राशन दुकान की चाबी कैसे दे दी। अब सबसे बड़ा खतरा अगर रात के वक्त लाखों का राशन गायब हो जाए या कोई बड़ी वारदात घट जाए तो जिम्मेदारी किसकी होगी। जबकि मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के सख्त निर्देशों के बावजूद इस तरह का लापरवाह रवैया कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि फूड विभाग और स्थानीय प्रशासन तत्काल जांच कर इस मामले में सैल्समेन पर कार्रवाई करे। लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# 14 नवम्बर को होगा इंग्लिश मीडियम स्कूल में चल रही प्रतियोगिताओं का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



स्थानीय लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शैक्षणिक कार्य के साथ बच्चो के अर्धवार्षिक एग्जाम के बाद शालेय खेलकूद प्रतियोगिताये संचालित की गई, जिसमें खोखो, बास्केटबॉल ,दौड़ कूद बोतल बॉल कबड्डी फुटबॉल सहित अनेक प्रतिस्पर्धाएं संचालित की गई है जिससे कि शिक्षा के साथ बच्चों का मानसिक विकाश हो सके शाला संचालक रजनीश पांडे ने बताया कि विगत 10 नवंबर से खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं जिनका समापन 14 नवंबर बाल दिवस को पुरस्कार वितरण, साइंस एग्जिबीशन के साथ होगा, इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ के द्वारा बच्चों का उत्साह बनाए रखने कार्य कर रहे हैं जिसमें श्रीमती शांति सोनी, उपप्राचार्य व खेल प्रभारी विजय सर्वे, प्रकृति साहू, श्रीमती वर्षा पटेल एवं समस्त स्टाफ, छात्र संघ अध्यक्ष आयुष तेकाम, छात्र संघ उपाध्यक्ष विधि पवार, कृतिका तिवारी, मन चौरसिया, योगेंद्र सरमाखी, सौरभ धुर्वे , लाईबा खान, वर्षा यादव, आदि छात्र छात्राओं ने बढ़कर सहयोग दिया।



**आयोजन** | **गोंड जनजाति की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को दिखेंगी प्रस्तुतियां।**

# तीन दिवसीय जननायक समारोह का होगा आयोजन

*** 14 से 16 नवंबर 2025 तक विनोद मंच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत की संस्कृति को समझने और उसकी जड़ों की अनुभूति के लिए जनजातीय आख्यान एक प्रेरक माध्यम की तरह है, जो गोंड जनजातीय आख्यानों जिनसे गोंड समुदाय की जीवन परंपरा का सत्य देखा और समझा जा सकता है। उनकी प्रस्तुतियां हम उनके चरित्र नायकों राजा पेमल शाह, हीराखान सिंह में देख सकेंगे। इन आख्यानों की यह खूबसूरती है कि इनमें जहां जातीय शौर्य के उदाहरण हैं वही तंत्र-मंत्र और संबंधों की रक्षा के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग भी है। यह सिर्फ कहानियां भर नहीं है। ऐसे सभी जातीय आख्यान गोंड समुदाय की सांस्कृतिक समझ और उसके पौराणिक चरित्र से हमें परिचित कराते हैं। जननायक समारोह का यह स्वरूप तीन नृत्य-नाटक प्रस्तुतियों से बुना गया है, जिनमें दो प्रस्तुतियां आख्यान परक है एवं एक प्रस्तुति ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। इन प्रस्तुतियों को इस तरह से परिकल्पित करने के पीछे गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को भी इन प्रस्तुतियों में बताना लक्षित किया गया है। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गोंड साम्राज्य के 52 गढ़ों में से पहले चरण में 30 गढ़ों में प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। गतिविधि अंतर्गत 14 से 16 नवंबर 2025 तक विनोद मंच, बस स्टैंड बिछिया जिला मंडला, निसरद राज भवन, इनडोर स्टेडियम के पास मंडला एवं सीएम राईज स्कूल मैदान, सुकतरा (कुरई) सिवनी में संयोजित किया जा रहा है। गतिविधि में स्वतंत्र्य समर की अप्रतिम गोंड नायिका वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा पेमलशाह एवं राजा हीराखान सिंह नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी जा रही है। विभाग की ओर से प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनर्संयोजन श्री रामचंद्र सिंह, श्री नवीन सिंह श्याम, श्री आशीष पटेल द्वारा कराया गया है।



### वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य

वीरांगना रानी दुर्गावती नृत्य नाट्य में बताया कि कालिंजर के राजा महाराज कीर्ति सिंह चंदेल की पुत्री दुर्गावती का विवाह गढ़ा के गोंड राजवंश के महाराज संग्राम सिंह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। दलपत शाह और दुर्गावती दोनों ही अस्त्र-शस्त्र शिक्षा में पारंगत थे, साथ ही दोनों धार्मिक और जनहित के कार्यों में भी रुचि लेते थे। रानी को एक पुत्र पैदा हुआ जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। पुत्र अभी छोटा ही था कि दलपत शाह का निधन हो गया। गद्दी पर वीर नारायण को बिठाया गया, लेकिन राजकाज रानी देखती रहीं। मुगल सम्राट अकबर दुर्गावती के सौंदर्य और बहादुरी के चर्चे सुन चुका था और गढ़ा राज्य को अपने अधीन करना चाहता था। इस हेतु उसने रानी को एक सोने का पिंजरा भिजवाया। रानी पिंजरा भेजने का आशय समझ गईं और उन्होंने जवाब में उतने ही वजन का सोने का पिंजरा भिजवाया, जिसे जुलाहे लोग काम में लाते हैं। अकबर पिंजरा देखकर आगबबूला हो गया और उसने अपने सूबेदार आसिफ खां को हमला करने के लिए हुक्म जारी कर दिया। पहले हमले में आसिफ खां ने शिकस्त खाई, लेकिन लगातार दूसरे हमले में रानी बहादुरी के साथ लड़ती हुई वीरगति को प्राप्त हो गईं। चौरागढ़ के किले में उनके किशोर वय के वीर पुत्र वीर नारायण भी लड़ते हुए शहीद हुए। किले के अंदर की सैकड़ों महिलाओं ने जौहर कर लिया। मातृभूमि की रक्षा करने के लिए महारानी दुर्गावती का बलिदान हमारे सामने एक ऐसा आदर्श उदाहरण है, जो हजारों वर्ष तक समस्त भारतवासियों को देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता रहेगा।

# किसान पर झूठा केस लादने की तैयारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम पंचायत जैदेपुर के समाजिक कार्यकर्ता भुवनलाल सिंगौर ने बताया कि उन्हें कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार परेशान कर रहे हैं। योजनाओं की जानकारी के लिए वे अक्सर कार्यालय जाया करते हैं। किसान होने के नाते वे कृषि संबंधी जानकारी के अनुसार कार्यालय में पदस्थ शाखा प्रभारियों से मुलाकात करते हैं और योजनाओं की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों को अवगत कराते हैं लेकिन यहां पदस्थ कुछ कर्मचारी उनके साथ लगातार अभद्र व्यवहार करते आ रहे हैं। आरोप है कि कार्यालय में पदस्थ रंजीत यादव नामक व्यक्ति के द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। जिसकी शिकायत उनके द्वारा कलेक्टर से की गई थी जिससे उपसंचालक कृषि झरिया नाराज हो गए और वे पीड़ित को फंसाने के उपाय खोज रहे हैं। मोबाइल फोन पर चर्चा के दौरान उपसंचालक ने पीड़ित से कहा कि तुम्हारी शिकायत महिला थाने में कराई जा रही है पीड़ित का कहना है कि इस कार्यालय में कैमरे लगे हुए है जिनकी जांच से सब स्पष्ट हो जाएगा अधिकारी कार्यालय में नियमित नही बैठते हैं और कुछ कर्मचारी किसानों के साथ दुरूव्यवहार करते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस संबंध में किसान नेताओं से मिलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञात हो कि कृषि कार्यालय में कोई भी योजनाओं की जानकारी किसानों को सहजता से नही मिल पाती है यहां पर मनमर्जी का आलम चल रहा है जिससे किसानों में रोष है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी अभिनेष अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल दोनों पिता स्व. पूरन लाल अग्रवाल निवासी ग्राम छोटी खैरी तहसील व जिला मंडला द्वारा ग्राम पीपरपानी रा.नि.मं., तहसील एवं जिला मंडला स्थित भूमि ख.नं. 713 रकवा 0.220 हे. को उसके पूर्व भूमि स्वामी प्रभात कुमार सोनी आत्मज प्रकाश कुमार सोनी निवासी मंडला वालों से जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र क्र MP238362021A1023997 दिनांक 07.01.2021 को क्रय किया गया है।

उक्त संपति को पूर्व भूमि स्वामी प्रभात कुमार पिता प्रकाश कुमार सोनी द्वारा शंकरी बाई पत्नि कतकू से जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 701 जिल्द क्र. 3860 पंजीयन दिनांक 07.06.2006 को क्रय किया गया था उक्त भूमि पर मेरे कार्यार्थी अभिनेष अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल दोनों पिता स्व. पूरन लाल अग्रवाल निवासी ग्राम छोटी खैरी तहसील व जिला मंडला द्वारा आईडीबीआई बैंक शाखा मंडला से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त भूमि की मूल श्रृखंला रजिस्ट्री जो शंकरी बाई द्वारा प्रभात कुमार सोनी को की गयी थी गुम हो चुकी है।

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त मूल श्रृंखला रजिस्ट्री प्राप्त हो तो कृपया कर मुझसे संपर्क कर मुझे उपलब्ध कराएं या सूचित करें।

मंडला दिनांक 12.11.2025

भवदीय

अनिल बड़ोनिया, अधिवक्ता मंडला

मो.नं. 9826613152

## खबर संक्षेप



### सांईखेड़ा में लग रहे जाम को लेकर उदासीनता बरत रहा प्रशासन, किसी दिन घटित हो सकती है बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा ।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा को जहां ग्राम पंचायत से नगर पंचायत व तहसील का दर्जा मिल जाने के कारण अब इस कसबा ने बड़ा रूप धारण तो कर ही लिया गया है, वही यहां से प्रदेश स्तर के मार्ग का निर्माण होने के बाद स्थिति इस प्रकार से हो गई है कि अब इस क्षेत्र से बड़े वाहन निकल रहे है, क्योंकि मार्ग का नगर के अंदर से निकलने का यह परिणाम है कि आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता चला जा रहा है, वही नगर के अंदर से निकले हुए मार्ग चलते जहां आये दिन जाम की स्थिति निर्मित तो हो ही रही है, इतना ही नही यहां से बड़े वाहनों के 24 घंटे निकलने से आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरे के घंटी भी बजते हुए देखी जा रही है? क्योंकि जब से सांईखेड़ा उदयपुरा जाने वाले मार्ग के बीच नर्मदा नदी पर पुल का निर्माण हुआ है उस समय से यहां से जिस प्रकार के वाहन गुजर रहे है उसके कारण इन वाहनों का नगर के मध्य से निकलना खतरे से खाली नही है? क्योंकि इसी मार्ग पर जहां तहसली कार्यालय पड़ता है, वही दूसरी ओर जनपद कार्यालय होने के साथ साथ साप्ताहित बाजार भी सड़क किनारे लगने के कारण लोगों की जिन्दगी के लिए आये दिन खतरा साबित हुए हुये जान पड़ रहे है। इतना ही नही इस सड़क से इस प्रकार से बड़े वाहनों के निकलने के कारण सड़कों की दुर्गति भी होते हुए देखी जा रही है? इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए नगरवासियों द्वारा बच्चों के स्कूली समय तथा साप्ताहिक बाजार के दिवस पर नगर के मध्य से गुजरने वाले बड़े वाहनों के निकलने पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है, मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा नगरवासियों की मांग को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने लगा है कि शायद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसी दिन कोई बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है?

### युवक के साथ की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गोलगांव निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी रेल्वे फाटक के पास बैटरी की दुकान है जिसके चलते प्रार्थी प्रतिदिन गाडरवारा आता है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने किसी काम से इंद्रा कालोनी गया हुआ था उसी दौरान ग्राम जमाडा निवासी गिरीश मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता होगा शुभारंभ, देश के अलग अलग प्रांतों से आये एक हजार से अधिक खिलाड़ी

# आज से नगर के खेल मैदान पर लगेगा खिलाड़ियों का पांच दिवसीय महाकुंभ












**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में और जिला प्रशासन के सहयोग से अंडर 19 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीयदिवसीय 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता 2025- 26 का आज 13 नवम्बर से 17 नवम्बर तक नगर के पुराने कालेज खेल यानि रूद्र मैदान में आयोजित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देश के 33 राज्यों /केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1032 प्रतिभागी खिलाडी एवं 215 ऑफिसियल्स सहभागिता करेंगे। आज 13 नवंबर को सुबह 11 बजे से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह करेगे। इस मौके पर अन्य अतिथियों के रूप में राज्यसभा के पूर्व सांसद कैलाश सोनी एवं पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य रामस्नेही पाठक मौजूद रहेगे। आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसी के चलते बुधवार को युवा नेता राव अनुज प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, सहायक संचालक सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक के साथ तैयारियो का फीडबैक लिया। बताया जाता है कि इस 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता 2025- 26 में बालक बालिका वर्ग की टीमों में आध्र प्रदेश, आसाम, बिहार, सीबीएसई, छत्तीशगढ़, चंडीगढ़, दादर एवं नगर हवेली, केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली, गुजरात, हरियाना, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, विद्या भारती, बेस्ट बंगाल, जम्मू एंड काश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरला, लदाख, लक्ष्यदीप, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्रा, मनिपुर, नवोदय विद्यालय समिति, उडीसा, पंजाम, राजस्थान, उत्तराखंड,

की टीम भाग लेगी। आयोजित होने वाले पांच दिवसीयदिवसीय 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल मे सहभागिता के लिए देश के विभिन्न राज्यों से टीमों का आगमन हो चुका है। इस तरह शहर में मेहमान बनकर आने वाली इन टीमों के लिये नगर में प्रवेश करने पर उनका जहां भव्य स्वागत किया जा रहा है। वही यह टीमें नगर मे रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से पहुंच रही है जिनका रेल्वे स्टेशन एवं शक्कर नदी पुल पर ढ़ोल बाजे एवं फूल मालाओं द्वारा स्वागत करते हुये उन्हें बसों द्वारा सुरक्षित उनके आवास स्थलों तक पहुँचाया जा रहा है। नगर के लिये बडी ही गौरव की बात है कि लगातार दूसरे वर्ष इस तरह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये गाडरवारा को चुना गया है जिसके चलते प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने स्थानीय पुराना कॉलेज के पास रूद्र मैदान में समय सयम पर पहुँचकर निरीक्षण करते हुये जरूरी दिशा निर्देश देते हुये देखे जा रहे है। नगर में आयोजित होने जा रही पांच दिवसीयदिवसीय 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता की तैयारियो का अधिकारियों सहित स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार जायजा लेते हुये तैयारियों को पूर्ण कराया गया है। इस दौरान उन्होने मैदान एवं मंच का अवलोकन कर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। वही बताया जाता है कि आयोजित होने वाली इस पांच दिवसीयदिवसीय 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबाल प्रतियोगिता में आने वाली टीमों के लिए बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के लिए अलग अलग व्यवस्थायें की गई हैं। इसके लिए जिला कलेक्टर ने व्यवस्थाओं को लेकर अलग अलग अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है। इन समितियों में प्रमुख रूप से कार्यकारी अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश, प्रतियोगिता नोडल अधिकारी एसडीएम कलावती ब्यारे, सहायक नोडल अधिकारी तहसीलदार प्रियंका नेताम, संगठन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी, सहसचिव जिला क्रीड़ा एवं कल्याण निरीक्षक, प्रतियोगिता संयोजक सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे एवं सह सहसंयोजक श्रीमती नीलम मरावी को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आपत्ति निराकरण व तकनीकी समिति, सामग्री क्रय समिति,भौतिक सत्यापन एवं प्रमाणी करण समिति, समन्वयक समिति, प्रचार प्रसार समिति, मंच संचालन समिति, अतिथि स्वागत पुरुस्कार वितरण मंच व्यवस्था समिति, क्रीड़ागन व्यवस्था समिति,व्हालीबाल बालक /बालिका निर्णायक समिति, खेल मैदान, मैस आवास सुरक्षा व यातायात समिति, पंजीयन पात्रता सत्यापन समिति, रेल्वे स्टेशन /बस स्टैंड आगमन /प्रस्थान समिति, परिवहन समिति, खेल मैदान आवास चिकित्सा समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, कम्युनिकेशन समिति, कम्प्यूटर कार्य समिति सहित अनेक समितियाँ बनाई गईं है। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए आवास व्यवस्था अशासकीय शिवा इंटर नेशनल स्कूल, दक्ष स्कूल, नूपुर कान्वेंट स्कूल, शिवाजी स्कूल, आईटीआई गाडरवारा, माइंड ट्री एवं वन स्टेप स्कूल एवं बालिका वर्ग के लिए आवास व्यवस्था टैगोर विद्या निकेतन, न्यू एज स्कूल, न्यू एरा स्कूल, क्राइस चर्च कान्वेंट स्कूल, आदित्य पब्लिक एवं रेनवो पब्लिक स्कूल में की गईं है। भोजन व्यवस्था के किये मैस पीएमश्री कन्या नवीन स्कूल में तैयार की जा रही है। बनाई गई सभी समितियों से समन्वय एवं सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय में की गईं है जिसमे शिक्षकों की डियूटी लगाई गईं है। प्रतियोगिता में आवास से खेल मैदान एवं मैस आने जाने हेतु निजी स्कूलों की बसों की सेवाएं ली जा रही है। इसके लिए कलेक्टर ने बालक वर्ग व बालिका वर्ग के लिए प्रभारी, सह प्रभारी व सदस्य के रूप में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें दायित्व सौंपे गये है। वही बताया जाता है कि राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 17 नवंबर की शाम को सुप्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री श्री कैलाश खैर अपनी गीत, संगीत व भजन की शानदार प्रस्तुति देंगे।

# नगर में आयोजित हुआ श्रीकाल भैरव अष्टमी पर तीन दिवसीय आयोजन, निकाली गई भव्य शोभायात्रा







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के शमशान घाट पर स्थित मशान काल भैरव बाबा दरबार मोहित व्यास बाटिका में काल भैरव अष्टमी का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजन हुआ। आयोजन के चलते पहले दिवस 10 नवम्बर को झंडा पूजन, दूसरे दिवस यानि की 11 नवम्बर को मंडप आरती तथा तीसरे दिवस यानि की काल भैरव अष्टमी के मौके पर सुबह प्रभात फैरी भजन मंडल द्वारा तथा दोपहर 2 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो जो श्रीकाल भैरव मंदिर शमशान घाट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुये वापिस शमशान घाट पर पहुंचकर समापन हुआ। काल भैरव अष्टमी को लेकर बताया जाता है कि भैरव जी की उपासना को नकारात्मक शक्तियों से रक्षा का अत्यंत प्रभावशाली उपाय माना गया है। भैरव जी भगवान शिव के उग्र रूप हैं, जिनकी आराधना से भय, संकट और विपत्तियाँ दूर होती हैं तथा भूत- प्रेत और ग्रह दोषों के कष्ट समाप्त होते हैं। विशेष रूप से जो व्यक्ति शनि, राहु या केतु से उत्पन्न दोषों से पीडित हों, उन्हें भैरव साधना का महत्व बताया गया है। पुराणों के अनुसार, जब भगवान शिव सती का देह लेकर ब्रह्माण्ड में विचरण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने सती के अंग पृथ्वी पर गिराए, जिनसे 108 शक्ति पीठों की स्थापना हुई। इन पीठों की रक्षा के लिए भगवान शिव ने प्रत्येक स्थान पर एक भैरव को नियुक्त किया। इसी कारण भैरव जी को देवी का द्वारपाल और रक्षक कहा जाता है। उनके प्रमुख स्वरूपों में बटुक भैरव, काल भैरव, चण्ड भैरव और कपाल भैरव सम्मिलित हैं। इनमें से काल भैरव को समय और मृत्यु का स्वामी माना गया है। वही एक अन्य कथा के अनुसार बताया जाता है कि जब भगवान शिव ने अंधकासुर से युद्ध किया, तब उनके शरीर से बहते रक्त से अनेक भैरव उत्पन्न हुए। पूर्व दिशा में गिरे रक्त से प्रकट हुए काल भैरव कहलाए। वहीं बटुक भैरव का स्वरूप सौम्य और बालकवत है। जब आपाद नामक राक्षस ने पाँच वर्षीय बालक से मरने का वरदान माँगा, तब देवी महाकाली की कृपा से बटुक भैरव का जन्म हुआ, जिन्होंने उस राक्षस का संहार किया। इसी प्रकार भैरव जी से संबंधित अनेक कथाओं का विवरण विभिन्न ग्रंथों में प्राप्त होता है।भैरव अष्टमी, जिसे काल भैरव जयंती भी कहा जाता है, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही पावन दिन है जब भगवान शिव ने काल भैरव रूप धारण किया था। इस दिन विशेष रूप से काल भैरव की पूजा, रात्रि-जागरण, दीपदान और कथा-पाठ का आयोजन किया जाता है। भक्त प्रातः स्नान कर, काले तिल, सरसों के तेल का दीपक जलाकर, कुत्तों को भोजन कराते हैं और भैरव जी का ध्यान करते हैं। भैरव अष्टमी के दिन बाबा भैरव की उपासना से जीवन के सभी भय, बाधाएं और ग्रहदोष दूर होना बताया गया है।

## आदि शंकराचार्य गुरुकुलम का भूमि पूजन कार्यक्रम आज





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आदि शंकराचार्य गुरुकुलम के नवीन भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम गुरुदेव श्री सोमेश परसाई द्वारा उदय प्रताप सिंह मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मध्यप्रदेश एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साईखेड़ा विकास खंड के ग्राम पतलोन में आज 13 नवम्बर को दोपहर दो बजे से किया जा रहा है। रविंद्र कुमार सिंह निर्देशक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश ने सभी से उपस्थिति की अपेक्षा जताई गई है। इस आयोजन को लेकर निर्देशक सिंह ने बीते बुधवार को आयोजन की तैयारियो का जायजा लेकर आवश्यक बैठक लेते हुये अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये।

### बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी व मैजिक गाड़ी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना में आता है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है तो दूसरी ओर देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप, मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है, इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्यापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनो दिन बढ़ती जा रही है। जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है।

## पंचायतों द्वारा मनमानी राशि खर्च करते हुये बनाये गये शमशान घाट बता रहे पंचायतों के विकास की सच्चाई..





**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** जहां एक ओर सरकार द्वारा पंचायतों के विकास कार्य को लेकर लाखों रूपया खर्च किये जा रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छ भारत का संदेश देते हुये पंचायतों में राशि पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो ग्रामीणों क्षेत्रों में जब किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसके अंतिम संस्कार कार्य करने वाले प्रमुख स्थान शमशाम घाटों के निर्माण को लेकर भी कुछ साल पहले सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च की जा चुकी है। मगर इसके बाद भी पंचायतों के शमशान घाटों की सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि वहां पर मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार में पहुंचाने के लिये लोगों को अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर होना पड़ता है? क्योंकि सरकार की लाखों रूपया धन राशि खर्च किये जाने के बाद भी गांवों में बने हुये इन शमशान घाटों के चारो ओर फैल रही गंदगी पंचायत द्वारा किराये जा रहे विकास कार्यो की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है?इस प्रकार की सच्चाई क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों का यदि भ्रमण किया जावे तो आसानी से देखने मिल सकती है। जहां पर पंचायतों द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुये बनाये गये इन शमशान घाटों की दुर्दशा ही पंचायत के विकास कार्यो की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? बताया जाता है कि यहां पर लोगों के अंतिम संस्कार के लिये पंचायतो द्वारा पूर्व में शमशान घाट पर दाह संस्कार के लिये प्लेट फार्म का निर्माण तो करा दिया गया है। मगर शमशाम घाट की सफाई को लेकर पंचायतों द्वारा उदासीनता बरते जाने का परिणाम है कि शमशान घाट के चारों ओर पैदा हो रही झाड़ियों के चलते शमशान घाट परिसर जंगल की तरह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है? शमशान घाटों में फैल रही गंदगी व ऊंग रही झाड़िया निश्चित तौर पंचायत जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को उजगर करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इतना ही नही शमशान घाट की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो जिस तरह दाह संस्कार प्लेट फार्म से लेकर चारो पेड व झाड़ियों का जो जमघट सजा हुआ देखा जा रहा है उसके चलते किसी व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के पहले ग्रामीणों को अनेकों बार सोचने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि दाह संस्कार प्लेट फार्म तक लोग बडे ही मुश्किलों के बीच पहुंचकर शव का दाह संस्कार कर पाते है। इस संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की जाती है तो उनका कहना है कि पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा शमशाम घाट की सफाई की ओर ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि जब गांव में किसी व्यक्ति की मौत होती है तो उसके दाह संस्कार को लेकर हम परेशान होना पड़ता है। इस तरह की सच्चाई को देखते हुये आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है कि आखिरकार पंचायतों में शासन की राशि खर्च करते हुये विकास कार्य की तरह से चल रहे होगे..?



## खबर संक्षेप

### वनाधिकार समितियों के साथ वन मंडलाधिकारी ने की बैठक, ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं



**डिंडौरी ।** वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिंडौरी पुनीत सोनकर ने वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर के ग्राम लमोठा में वनाधिकार समितियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर संवाद किया। इस अवसर पर उनके साथ सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री रेवासिंह परस्ते एवं अन्य वन अमला उपस्थित रहा।बैठक के दौरान वनाधिकार से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। वनमंडलाधिकारी ने वन भूमि पट्टा, वन पट्टा वितरण एवं वनाधिकार पत्रों से जुड़ी जानकारी प्रदान की और समाधान के दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने उपस्थित बीट प्रभारी, अन्य वनकर्मियों एवं वनाधिकार सहायकों को निर्देशित किया कि वे ग्राम स्तर पर वनाधिकार से संबंधित लंबित प्रकरणों और समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

### संतोषी साहू बनीं शहडोल जिले की कांग्रेस जिला प्रशिक्षक


मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी

**डिण्डौरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिले स्तर पर SIR एवं राजनीतिक प्रशिक्षण हेतु जिला प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है।इसी क्रम में डिण्डौरी जिले की संतोषी साहू को शहडोल जिले का जिला प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।पार्टी ने उनसे अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कांग्रेस संगठन के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों के अनुरूप पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगी।

### बेटियों ने जनजातीय शौर्य की गूंज से भरा माहौल वीरांगनाओं की गाथा हुई जीवंत



**डिंडौरी ।** जनजातीय गौरव दिवस सप्ताह (1 से 15 नवंबर) के अवसर पर जिलेभर में जनजातीय नायकों और वीरांगनाओं के बलिदान को याद करते हुए रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों और कॉलेजों के बच्चों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया।कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं झांकी प्रदर्शन के माध्यम से जनजातीय गौरव को नई अभिव्यक्ति दी। पोस्टरों और रंगोलियों में बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, भीमा नायक जैसी विभूतियों की प्रेरक झलक देखने को मिली। बालिकाओं ने अपनी कला और अभिव्यक्ति से यह संदेश दिया कि जनजातीय नायक केवल इतिहास के अध्याय नहीं, बल्कि आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा के स्तंभ हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन छात्र-छात्राओं में न केवल जनजातीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जगाते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते भी हैं।महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल स्मरण का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और सशक्तिकरण का उत्सव है। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर ने जीता फाइनल मुकाबला

### महाविद्यालयीन जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



**डिंडौरी ।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर निर्देशानुसार जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय करंजिया में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत करंजिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पट्टा, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री गजेंद्र करचाम तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दुर्गा सिंह भावेदी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात जिले भर से आई छह शासकीय महाविद्यालयों की टीमों अमरपुर, मेहंदवानी, डिंडोरी, सामनापुर, आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी एवं करंजिया का परिचय कराया गया।लीग चरण के बाद पहले सेमीफाइनल में शासकीय महाविद्यालय डिंडोरी ने करंजिया को हराकर फाइनल में स्थान बनाया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर ने मेहंदवानी को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मुकाबले में शासकीय महाविद्यालय अमरपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. दुर्गा सिंह भवेदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह आपसी समन्वय और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विजेता और प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का संचालन डॉ. के.के. द्विवेदी एवं डॉ. के.पी. बर्रोह द्वारा किया गया।

# अवैध शराब पर आबकारी की खानापूर्ति कार्रवाई असली ठेकेदारों तक कब पहुँचेगी जांच



**डिंडौरी।** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के नाम पर आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या ये कार्रवाई वाकई असरदार हैं या महज़ औपचारिकता। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत आबकारी उपनिरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे एवं टीम ने डिंडौरी बस स्टैंड स्थित बबलू अंडा दुकान पर दबिश दी। यहाँ से 15 पाव विदेशी मदिरा (जीनियस रम) और 10 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। आरोपी अनुज रजक पिता बुधराम रजक के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।कार्यवाही में आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, करिश्मा सलामे, मनीष उईके सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। विभाग ने दावा किया कि जिले में अवैध शराब पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और अभियान आगे भी जारी रहेगा।पर स्थानीय लोग कहते हैं कि हर बार छोटे दुकानदार ही पकड़ में आते हैं, जबकि असली सप्लायर खुलेआम कारोबार कर रहे हैं। नर्मदा किनारे शराब पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद अवैध शराब की सप्लाई धड़ल्ले से जारी है।अब जनता का सवाल है कि क्या आबकारी विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है या फिर असली ठेकेदारों तक पहुँचने में कोई अदृश्य दीवार है जनता अब बड़ी मछलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की प्रतीक्षा में है।

# नवजात एवं बाल स्वास्थ्य संरक्षण हेतु जिला चिकित्सालय में हुआ कार्यक्रम



**डिण्डौरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय द्वारा जिला चिकित्सालय डिण्डौरी से सांस अभियान एवं नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिले में यह अभियान 12 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा, वहीं नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह 15 नवम्बर से 21 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर डॉ. पाण्डेय ने बताया कि निमोनिया देशभर में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा बना हुआ है। भारत में पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 15 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु का प्रमुख कारण निमोनिया है। इस बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण, स्तनपान, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं प्रदूषण में कमी जैसे उपाय अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु को कम करने हेतु न्यूमोकोकल (पीसीवी) वैक्सीन को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही सांस अभियान के माध्यम से समुदाय स्तर पर सामाजिक जागरूकता बढ़ाई जाएगी ताकि लोग निमोनिया के लक्षणों की पहचान कर सकें और समय पर उपचार प्राप्त करें।अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं बाल निमोनिया की रोकथाम और सुरक्षा के उपायों पर समुदाय में जागरूकता बढ़ाना। देखभालकर्ताओं को निमोनिया की शीघ्र पहचान के लिए प्रशिक्षित करना। मिथकों एवं अंधविश्वासों को दूर कर सही जानकारी देना। समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार। सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से बच्चों में निमोनिया संक्रमण के जोखिम को कम करना।डॉ. पाण्डेय ने बताया कि एसआरएस 2023 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की अंडर-5 मृत्युदर 44 प्रति 1000 जीवित जन्म है, जिसमें से लगभग 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। इसे घटाकर 3 प्रति हजार से कम करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जनजागरूकता, समय पर उपचार एवं पोषण स्तर सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ. आर.के. मेहरा, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के. डोंगरे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुछवाहा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्षगांठ के समापन पर निकला जनजाति गौरव रथ

### जिले में 1 नवम्बर से चल रही विभिन्न जनजागरण गतिविधियों का हिस्सा बना रथ अभियान



**डिंडौरी ।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्षगांठ के समापन अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1 नवम्बर से जिले में विभिन्न प्रकार की जनजागरण एवं विकासात्मक गतिविधियां गतिविधि कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जा रही हैं। इसी श्रृंखला में जनजाति गौरव रथ को हरी झंडी दिखाकर भाजपा जिला अध्यक्ष, महामंत्री एवं जनपद प्रतिनिधियों द्वारा रवाना किया गया। यह रथ विधानसभा डिण्डौरी एवं विधानसभा शहपुरा के अंतर्गत आने वाले सभी जनपद मुख्यालयों तथा चिन्हित स्थलों का भ्रमण करेगा।जनजाति गौरव रथ के माध्यम से जिलेभर में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके योगदान और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए किए गए उनके संघर्ष के बारे में आमजन को अवगत कराया जाएगा। रथ जहां-जहां पहुंचेगा, वहां सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश के आदिवासी समाज में जागृति लाने और स्वतंत्रता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनका जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है।जनजाति गौरव रथ के प्रस्थान के साथ ही जिले में जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन एक प्रेरणादायक और ऐतिहासिक रूप में मनाया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू ब्यौहार, जिला महिला मोर्चा श्रीमती नरबदिया मरकाम, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, राजेन्द्रम पाठक , जनपद सदस्य राकेश परस्ते, नोडल अधिकारी लक्ष्मण सिंह, आशीष वैश्य, सुधीरदत्त तिवारी, महेश धूमकेती, भागीरथ उरैती,एम के ठाकुर प्रशासनिक अधिकारी अपर कलेक्टर जेपी यादव, जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, डीपीसी श्रीमती श्वेता अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ पर शहपुरा नगर में निकाली गई रैली



**शहपुरा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूरे भारतवर्ष में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है इसी कड़ी में नगर परिषद क्षेत्र शहपुरा में मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में राष्ट्रगीत का गायन किया गया इसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्ग से रैली निकालकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया गया राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1875 में की थी एवं 24 जनवरी 1950 को इसे भारत की संविधान सभा में राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया गया था भारत के प्रसिद्ध रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने देशभक्ति की भावना से प्रेरित यह रचना की थी जो भारत की स्वतंत्रता आंदोलन की गहराइयों को दर्शाता है वंदे मातरम राष्ट्रगीत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी वंदे मातरम राष्ट्रगीत हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में एक नया जोश पैदा करता थाराष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश के प्रत्येक शासकीय शासकीय विभागों में विद्यालय एवं महाविद्यालय सभी जगह वंदे मातरम का गायन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस पर संगोष्ठी आयोजित की जा रही है शहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में भी अनुविभागीय अधिकारी आई ए एस ऐश्वर्य वर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रगीत गायन एवं रैली का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू एवं पार्षद सुरेंद्र साहू महिला बाल विकास पर्यवेक्षक प्रतिभा साहू अश्विनी साहू सांसद प्रतिनिधि राहुल रैकवार मुकेश गुप्ता राजेंद्र तिवारी उपयंत्री रितिका मेरामी पंचायत इंस्पेक्टर शहपुरा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की शासकीय योजनाओं की मैदानी समीक्षा



**डिंडौरी ।** शासन के निर्देशानुसार (एनसीए) राष्ट्रीय संचार वित्त संस्थान, गुड़गांव से आए डिण्डौरी जिले के विकासखंड बजाग, करंजिया, मेंहदवानी में अलग-अलग टीम के द्वारा भ्रमण किया गया। इस दल के द्वारा मेंहदवानी विकासखंड में पाँच प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने ग्राम पंचायत बुलदा का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक शाला बुलदा में पहुँचकर छात्रों के साथ मध्यान्ह भोजन किया तथा विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली।प्रशिक्षुओं ने ग्राम पंचायत भवन में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का मैदानी अध्ययन किया। इसके पश्चात वे एकलव्य छात्रावास पहुँचे, जहाँ उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक स्थिति जानी।अगले दिन प्रशिक्षु अधिकारियों ने तहसील कार्यालय शहपुरा में एसडीएम ऐश्वर्या वर्मा के मार्गदर्शन में राजस्व कार्य और विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**) की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने जनपद पंचायत एवं नगर परिषद का भ्रमण करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।इसके साथ ही अधिकारियों ने जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित बिलगड़ा डेम और वाटर फिल्टरेशन प्लांट का भी अवलोकन किया तथा डिंडौरी जिले की प्राकृतिक सुंदरता और प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना की।

## कोदो-कुटकी पंजीयन की अंतिम तिथि अब 15 नवंबर 2025

**डिंडौरी ।** जिले में कोदो-कुटकी उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन कार्य निरंतर जारी है। शासन द्वारा कृषक हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि से पूर्व ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल कोदो एवं कुटकी का पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि वे शासन की योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त अथक प्रयासों से अब तक जिले में 4410 किसानों का पंजीयन हो चुका है, जिसके अंतर्गत कुल पंजीकृत रकबा 5704.18 हेक्टेयर शामिल किया गया है।शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोदो 2500 प्रति क्विंटल एवं कुटकी 3500 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जाएगी। साथ ही दोनों फसलों पर 1000 प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि भी देय होगी।कोदो-कुटकी की खरीदी हेतु जिले में 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ किसानों को पंजीयन एवं अन्य आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है।

## 69वीं शालेय राज्य स्तरीय रग्बी स्पर्धा इंदौर में डिंडौरी के 72 सदस्यीय दल ने लिया भाग

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य राजेंद्र जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार रग्बी सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित की गई।इस स्पर्धा में डिंडौरी जिले से चयनित 72 सदस्यीय दल ने प्रशिक्षक रमा साहू के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 7 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक भाग लिया।खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता अर्जित की।बालिका सीनियर वर्ग ने सेमीफाइनल में ग्वालियर संभाग को 0-10 से तथा फाइनल मुकाबले में उज्जैन संभाग को 5-10 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार सब जूनियर बालक वर्ग ने भी विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।जिला क्रीड़ा प्रभारी पी.एस. राजपूत ने बताया कि खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास और कुशल प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप डिंडौरी जिले ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि आगामी माह में उड़ीसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में जिले के कई खिलाड़ी चयनित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम.के. राय, प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, संदीप सोनी, खेल प्रशिक्षक रमा साहू, अनिल लोधी, जागेश्वर नंदा, नवीन खरगाल, दिलीप सोनवानी, शेरमेर खालको, परवेज खान, अमर साहू सहित सभी खेलप्रेमियों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

**नाम सुधार सूचना**

मैं भैया लाल (BHAIYA LAL) पिता करम सिंह (KARAM SINGH) आयु 19 वर्ष जाति गोंड़ निवासी ग्राम मोहरा कला थाना व तहसील - शहपुरा, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ एवं मेरा आधार नं. 3447 7837 7901 है। मेरा नाम भैया लाल (BHAIYA LAL) है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम भैया जी (BHAIYA JI) त्रुटिवश लिख दिया गया है जिससे मुझे अत्यन्त परेशानिया हो रही है। मेरे आधार कार्ड क्र. 3447 7837 7901 में दर्ज नाम भैया जी (BHAIYA JI) को परिवर्तित कर भैया लाल (BHAIYA LAL) दर्ज किया जावे, इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

CY-055120 शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

### उर्दू अकादमी का मुशायरा एवं शाम ए ग़ज़ल कार्यक्रम 16 को तेंदूखेड़ा में

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग का ज़िला अदब गोशा नरसिंहपुर का ज़िला स्तरीय कार्यक्रम सिलसिला (मुशायरा) एवं सांगीतिक कार्यक्रम शाम ए ग़ज़ल 16 नवम्बर रविवार दोपहर 12 बजे से आज़ाद पैलेस तेंदूखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ज़िले के क़लमकार अपने कलाम पेश करेंगे। शाम ए ग़ज़ल कार्यक्रम में प्रसिद्ध सूफ़ी ग़ज़ल सिंगर मनीष शुक्ला अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे।इस आशय की जानकारी मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी के ज़िला संयोजक अनीस शाह द्वारा दी गई है और आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम में सुधिश्रोता अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

### सांसद बंटी विवेक साहू आज परासिया के गांवों में करेंगे पदयात्रा

**छिन्दवाड़ा।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा पदयात्राएं की जा रही है। इसी श्रृंखला में सांसद श्री साहू 13 नबम्वर को परासिया विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पदयात्रा करेंगे। सांसद श्री साहू आज गुरूवार को सुबह 11 बजे शिवपुरी मंडल के ग्राम मंडली से पदयात्रा की शुरूआत करेंगे। यह पदयात्रा ग्राम मंडली से प्रारंभ होकर झुर्रेमाल, थावड़ी, साबलाढ़ापा, लोहारी बांदरी, खैरी, पिपरिया से पगारा मंडल के ग्राम डुंगरिया पहुचेगी। यह पर पदयात्रा का समापन किया जायेगा। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू ग्रामवासियों को एकता, अखण्डता और आत्मनिर्भर भारत का संदेश देंगे।

### सेवा केन्द्रों पर जनसुनवाई एवं विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार एवं राज्य शासन के आदेशों के परिपालन में जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिले के सभी आदि सेवा केन्द्रों पर जनसुनवाई एवं विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए पाँचवाँ जनजातीय गौरव दिवस सम्मानपूर्वक मनाया जाएगा।

पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार 13 नवम्बर 2025 को समस्त आदि सेवा केन्द्रों पर पहली जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर सामुदायिक सुझाव, योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा तथा पंचायती राज संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, यूथ क्लबों एवं आदि कर्मयोगी कैडर की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर के बाद जागा प्रशासन की कार्रवाई

# डॉ. भनारिया को मिला महामारी नियंत्रण का प्रभार

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

**खबर का असर**

**जिले मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने को लेकर सरकार पूरे प्रयासों मे है वही विभाग द्वारा नियमों को दरकिनार किया जाता है। ऐसे ही मामले में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद खुली और कार्रवाई करते हुए जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी का प्रभार डॉ. गणेश प्रसाद भनारिया को दिया गया। उक्त पद पर डा. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह को प्रभार पर रखा गया था। इसके पूर्व डॉ. ए पी सिंह महामारी नियंत्रण अधिकारी थे तथा उन्हे लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद लाइन अटैच कर दिया गया था तब से डा. रिपुदमन सिंह प्रभार पर थे।**







### ये था मामला

जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम में डॉ. ए आर मरावी एवं जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी. श्याम सिंह ठाकुर तथा प्रभारी जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह को अधिकारी बनाया गया है। लेकिन स्थानांतरण करा कर आए डॉ. गणेश प्रसाद भनारिया जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी को पद नहीं दिया गया था। जिले में दो अधिकारी द्वितीय श्रेणी को होना नियम विरूद्ध है। प्रशासन को चाहिए की उचित कार्रवाई करते हुए नियमानुसार कार्यभार सौंपा जाए खबर के बाद डा भनारिया को महामारी नियंत्रण अधिकारी बनाया गया है।

### वेतन भुगतान की हो जांच

प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए की जिले में स्थानांतरण लेकर आए डॉ गणेश प्रसाद भनारिया को किसी पद पर प्रभार नही दिया गया था तो उनका वेतन का भुगतान किस पद से किया जा रहा था इसकी भी गंभीरता से जांच कराई जाए जिससे वित्तीय गड़बड़ी ना हो। जिले मे पदस्थ्य अधिकारी - कर्मचारियों को उनके मूल पद से वेतन का भुगतान कराया जाता है। उक्त संबंध मे किसी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त नही हो सकी और ना ही उनके वेतन संबंधी कोई पत्राचार की बात चर्चा में है। क्योंकि एक ही पद से दो लोगों को वेतन का भुगतान भी नही हो सकता है। तो डॉ भनारिया को किस पद से वेतन का भुगतान किया जा रहा था जो गंभीर प्रश्न है। प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि जांच कर ठोस कार्रवाई करे जिससे होने वाली वित्तीय अनियमित्ता को रोका जा सकें।

### डॉ. भनारिया के कार्यो की हो जांच

ज्ञात हो कि डॉ. गणेश प्रसाद भनारिया पूर्व मे जिले के स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर मे पदस्थ्य थे जहां पर उनके द्वारा वित्तीय अनियमितता की जानकारी भी सूत्रों से प्राप्त हुई। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शिकायत कोई कार्रवाई नही की गई। प्रशासन को चाहिए की पूर्व पदस्थापना के दौरान डा भनारिया द्वारा किए गए कार्यो की सूक्ष्मता से जांच कराई जाए। जिससे की गई गड़बड़ियां सामने आ सके। जिससे सरकार की मंशानुसार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं तथा योजनाओं को लाभ मिल सके। वही स्वास्थ्य विभाग मे ऐसे कई कारनामे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे जिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।



### स्वास्थ्य कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

गत दिवस स्वास्थ्य मिशन एनएचएम संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सीएचओ अधिकारियों ने उल्लेख किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न आदेशों में सभी नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) ने सार्थक ऐप पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और वेतन कटौती के आदेशों पर आपत्ति जताई है। जिले में यह व्यवस्था केवल सीएचओ वर्ग के लिए लागू की गई है, जबकि अन्य कर्मचारियों को इससे छूट दी गई है, जिससे असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज करने का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग है कि यदि यह प्रणाली लागू की जाए तो इसे सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू किया जाए। उन्होंने महिला सीएचओ की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी जिक्र किया, क्योंकि कई स्वास्थ्य केंद्र दूरस्थ गांवों में स्थित हैं जहां महिला स्टाफ का अकेले रहना जोखिम भरा हो सकता है सीएचओ कर्मियों ने यह भी बताया कि उन्हें पिछले आठ महीनों से परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव (पीएलएस) का भुगतान नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, वेतन संबंधी मानसिक दबाव भी बनाया जा रहा है, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

# भारत को जानो प्रांत स्तर प्रतियोगिता का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारत विकास परिषद, जबलपुर शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता को प्रांत स्तर पर आयोजित किया गया था जिसमें नरसिंहपुर और जबलपुर की टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता कौन बनेगा करोड़पति की तरह गई इसमे पूछे जाने वाले प्रश्न भारत को जानो पुस्तक जो कि भारत विकास परिषद केंद्रीय कार्यालय द्वारा प्रकाशित की जाती है में से थे। इस प्रतियोगियों को दो स्तर में आयोजित किया गया पहला कनिष्ठ जिसमें कक्षा छठवीं से आठवीं तथा। दूसरा वरिष्ठ जिसमें नवमी से बारहवीं तक के छात्र छात्राएं एक विद्यालय की एक टीम बनाकर शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। प्रतियोगिता में, कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ दोनों वर्गों में नरसिंहपुर जिले की टीम विजेता रही। महाकोशल प्रान्त की भारत को जानो प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा, नरसिंहपुर की संस्कार विद्या पीठ को तथा,वरिष्ठ वर्ग में, भारत विकास परिषद, नरसिहपुर शाखा की उत्कृष्ट विद्यालय, नरसिंहपुर टीम को प्राप्त हुआ। कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को राज्य स्तरीय ष्भारत को जानो प्रतियोगिता जो कि। 7 दिसम्बर को शिवपुरी में आयोजित है में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र मुख्य अतिथि रामकृष्ण चैकसे सचिव सेवा सेंट्रल रीजन और विशिष्ट अतिथि श्री आशुतोष वर्मा, प्रांतीय संयोजक (संस्कार) और सरोज चैकसे (प्रांतीय महिला प्रमुख) रही। वही समापन सत्र के मुख्य अतिथि नितिन पालीवाल कोषध्यक्ष (महाकौशल प्रांत) रहे। इस अवसर पर जबलपुर शाखा अध्यक्ष रश्मि कुलकर्णी सचिव अमन पाण्डेय, नीलमबारी फाटक शाखा संस्कार संयोजक, संजीव जैन, मौली जैन, प्रमोद बेहरे और देवी अहिल्याबाई शाखा के अध्यक्ष लता तीवस्कर और तीवस्कर जी रहे। पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष महाकौशल प्रांत और पूर्व रीजनल सेक्रेटरी, सेंट्रल रीजन (सेवा) डॉ निलेश पांडे द्वारा इस पूरे प्रतियोगिता का संयोजन किया गया तथा संचालन नंदीश पांडे द्वारा किया गया।

### मयंक मनोहर साहू टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी सदस्य नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बीएसएनएल टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी सदस्य नियुक्त किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त नियुक्ति संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा के अनुमोदन पर नगर निवासी मयंक मनोहर साहू को बीएसएनएल टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी सदस्य नियुक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## युवा कांग्रेस में हुआ निर्वाचन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में नरसिंहपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर शुभम ठाकुर, तेंदुखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष पद पर अनुज कौरव ने विजय श्री प्राप्त की। अपने निर्वाचन पर दोनों ने कहा कि युवा साथियों ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे भी बनाए रखेंगे। वहीं नरसिंहपुर के युवा साथियों ने कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर दोनों साथियों का स्वागत किया मिठाई खिलाई जिसमें सभी युवा कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने खरीदी व खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में भावांतर योजना के तहत खरीदी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित धमना और गोटेगांव विकासखंड के ग्राम कुम्हड़ाखेड़ा में खाद वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रय का जायजा लिया। उन्होंने अपने समक्ष सोयाबीन की बोली लगवाई और किसानों की पर्ची देखी। इसके पश्चात उन्होंने सेवा सहकारी समिति मर्यादित धमना और गोटेगांव विकासखंड के ग्राम कुम्हड़ाखेड़ा के डबल लॉक वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण व भंडारण पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। किसानों को छाया, पानी आदि सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। संवाद के दौरान किसानों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा खाद वितरण के लिए ई-टोकन व्यवस्था प्रारंभ की है, यह बहुत सुविधाजनक है।



## स्वास्थ्य सेवाओं की बैठक अस्पताल गोटेगांव में सीएमएचओ ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति परखी लक्ष्य पूरे करने के निर्देश

**गोटेगांव** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में मंगलवार को सीएमएचओ डॉ मनीष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में चिकित्सा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में केंद्र सरकार राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई सीएमएचओ डॉ मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं पूर्व में। गोटेगांव में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन लक्ष्य के विरुद्ध कम पाया गया था सीएमएचओ डॉ मनीष कुमार मिश्रा के निर्देशन में गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा टीम गठित करके गांव गांव जाकर सर्वे कराकर लगभग 131 नई गर्भवती महिलाएं मिलने पर उपलब्धि हासिल की है नई गर्भवती महिलाएं सभी पोर्टल पर दर्ज की गई है गर्भवती महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं सीएमएचओ ने मौसमी बीमारियों को देखते हुए दवाइयां का पर्याप्त स्टाक रखने के निर्देश दिए बैठक में परिवार कल्याण योजना महिला नसबंदी शिविर टीकाकरण सीएम हेल्पलाइन स्वास्थ्य कर्मचारियों को अनुपस्थित रहने पर वेतन वृद्धि रोकने की निर्देश दिए मध्य प्रदेश शासन की योजनाओं में अधिक से अधिक पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों को लिए गए लक्ष्य को समय पर पूरा करने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी कर्मचारियों को तत्पर रहना होगा बैठक में बीएमओ डॉक्टर एस एस धुर्वे डा गणेश प्रसाद भंनारिया सहित स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे1

### ठंड ने दी दस्तक निकलने लगे गर्म कपड़े

**तेंदूखेड़ा** क्षेत्र में ठंड में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह-शाम अब सर्दी के चलते ऊनी कपड़े पहनने लगे हैं। और कपड़ा दुकानों पर भी अब गर्म कपड़ों की पूंछ परख शुरू हो गई है। जानकार लोगों का कहना है कि अधिक बरसात के कारण इस वर्ष अधिक कड़ाके की सर्दी पड़ने की उम्मीद है।जिसे देखते हुए आम यात्रियों को बस स्टैंड से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर बचाव संबंधी प्रयास स्थानीय प्रशासन से करने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कलेक्टर ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सुपला और एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला कंजई का निरीक्षण बुधवार को किया। उन्होंने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला सुपला में कक्षा तीसरी और चैथी के बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने यहां शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों की पढ़ाई आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्रीमती सिंह ने गोटेगांव विकासखंड के ग्राम कंजई के एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली और मध्यान्ह भोजन को चख कर देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को अच्छी गुणवत्ता युक्त, स्वादिष्ट भोजन मिले। बच्चों की मांग के अनुरूप उन्हें भोजन कराया जाए।

## एस.एच.सी पब्लिक स्कूल, श्री गुरू विद्या मंदिर स्कूल एवं जगद्गुरू श्री शंकराचार्य हाई. सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

### माननीय सदस्य सचिव महोदय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं माननीय सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा नयायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के तहत

गोटेगांव





प्रातः 10:00 श्रीनगर तहसील गोटेगांव में स्थित एस.एच.सी पब्लिक स्कूल, श्री गुरू विद्या मंदिर स्कूल, एवं जगद्गुरू श्री शंकराचार्य हाई. सेकेंडरी स्कूल में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय सुश्री साक्षी शुक्ला, समस्त विद्यालय के प्रचार्य एवं उनका समस्त स्टॉफ, पैरालीगल वालेंटियर्स श्री गोपाल ब्यौहार, श्री शाहिल मेहरा, श्री मनोज चौधरी, विधिक सेवा कर्मचारीगण एवं विद्यालय में उपस्थित समस्त विद्यार्थी आदि उपस्थित रहें।आयोजित शिविर न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रकिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है साथ ही नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएँ योजना, 2015 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। नशे से व्यक्ति के पारिवारिक, सामिजिक, एवं आर्थिक जीवन के दुष्परिणाम, आर्थिक बोझ, पारिवारिक समन्वयता के अभाव के बारे में बताया गया। किशोरों को नशे से मुक्त रहने के लिए जागरूक किया गया एवं किसी अन्य व्यक्ति को तम्बाखू का सेवन करते देखे जाने पर रोको-टोको की भी समझाईश दी गई एवं सोशल मीडिया के सदुपयोग एवं दुरूउपयोग करने से बढ रहे अपराध के विषय में जानकारी प्रदान की गई साथ ही हाल ही में नालसा द्वारा चलाई जा रही संवाद योजना 2025 जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वार्गों को नानूनी सहायता प्रदान करना है खसकर आदिवासी, विमुक्त जातियां और धुमंतू जनजातियो को इस योजना के तहत कानूनी जागरूकता, कानूनी हायता और विवादों के समाधान के लिए क मंच प्रदान करती है एवं अंत में विद्यार्थियों को स्वयं के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक रहने एवं निरंतर आगे बढ़ने लिए प्रेरित किया गया। (साक्षी शुक्ला) न्यायिक मजिस्ट्रेट / अध्यक्ष, तह. विधिक सेवा समिति गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर।

## अमृत भारत योजना के अंतर्गत हुए श्रीधाम रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य में की गई लीपापोती, द्वितीय चरण का लंबे समय से पड़ा अधूरा कार्य शीघ्र हो प्रारंभ

गोटेगांव




अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर हुए निर्माण कार्यों की हकीकत अब धीरे-धीरे घटिया निर्माण कार्य स्वयं बया कर रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर में जगह-जगह उखड़नी टाइल्स, टूटे फर्श और दरारों से भरी दीवारें गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की पोल खोल रही हैं। कुछ ही महीनों पहले किए गए इन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अभाव साफ झलक रहा है, जिससे यात्रियों में आक्रोश व्याप्त है। श्रीधाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। प्लेटफॉर्म की सतह पर लगे टाइल्स जगह-जगह से उखड़ना प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि कई स्थानों पर है। गड्ढे और दरारें बन चुकी है। यात्रियों के अनुसार, निर्माण कार्य जल्दबाजी और लापरवाही में किए गए हैं, जो अब अपनी वास्तविकता उजागर कर रहे हैं। ठेकेदारों की लापरवाही और विभागीय अनदेखी का खामियाजा आम जनता भुगत रही हैं यह स्पष्ट रूप से निर्माण कार्य की घटिया गुणवत्ता को दर्शाती हैं। स्टेशन परिसर में कई जगह दीवारों पर हुई छपाई में दरारें देखने को मिलती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सब कमीशनखोरी और निगरानी के अभाव का परिणाम है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद कई बार रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्रीधाम स्टेशन का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस घटिया निर्माण पर ध्यान नहीं दिया।दूसरे चरण में होने वाला कार्य, अब तक नहीं हो पाया शुरूघटिया निर्माण के साथ-साथ नगर में जन चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि जो जा पहले चरण का कार्य किया गया वह घटिया है। और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है जबकि वा दूसरी चरण का कार्य भी बड़े लंबे समय से अब तक अधूरा पड़ा है जो की शुरू नहीं हो पाया है क्षेत्रीय जनता ने स्थानीय जनप्रतिनिधि वि रेल प्रशासन से इस निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच हो एवं दूसरे चरण का कार्य जल्द ही प्रारंभ किया जाए ताकि आने जाने वाले यात्रियों को समुचित व्यवस्थाएं मिल सके साथ ही यात्रियों ने मांग की है कि तीन नंबर प्लेटफार्म जबलपुर साइड की ओर सुलभ शौचालय की व्यवस्था भी कराई जाएइनका कहना हैं हमें निर्माण कार्य के बाद में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं हम मेंटनेंस के तौर पर पुनः रिपेयरिंग का कार्य करा रहे हैं

पंकज कुमार आई डब्लू रेलवे नरसिंहपुर

### नेत्र जांच शिविर 16 नवंबर को

**गोटेगांव।** नगर के स्टेशन रोड पर स्थित श्रीधाम आई केयर सेंटर में आगामी 16 नवंबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक परामबा नेत्रालय सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं एस एन सी चित्रकूट से प्रशिक्षित तथा सफल नेत्र आपरेशन का अनुभव प्राप्त डॉक्टर नितिन सोनी,नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें मोतियाविंद,काँचिया विंद,रेटीना पर्दा, परवाल, फैक्चर, नाखूना,कार्निया, ट्यूमर, कैंसर, चश्मे, भेंगापन,आदि की जांच मात्र रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/रुपया में ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉक्टर संदीप चौधरी दृष्टिमितिज्ञ,मेडिकल कॉलेज जबलपुर से प्रशिक्षित एवं अनुभवी डॉक्टरों की टीम नेत्र रोगियों की जांच करेगी। 2.2**mm mics** फेको तकनीक द्वारा मोतियाविंद कराकर अगले ही दिन रिकवरी पा सकते हैं । डॉ संदीप चौधरी नेत्र विशेषज्ञ ने गरीब, जरूरत मंद और असहाय व्यक्तियों से भी आंखों की जांच कराकर लाभ लेने की अपील की है ऐसे व्यक्ति जो गरीब परिवार से हैं और असहाय तथा जरूरत मंद है उनकी जांच और ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएंगे।इस अवसर का लाभ लेने की अपील की गई है।